# जमीन से लेकर पानी तक कैसे पार हो चीन की चुनौती ?

## न्यूज डायरी



### अस्पताल से वापस आते ही डोनाल्ड ट्रंप ने मास्क हटाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोरोना वायरस इन्फेक्शन के इलाज के लिए वॉल्टर रीड मिलिट्री अस्पताल गए थे। अचानक सोमवार को वह वापस वाइट हाउस आ गए। दावा किया गया कि ट्रंप पूरी तरह से ठीक नहीं हैं लेकिन पहले से बेहतर हैं, इसलिए उन्होंने वाइट हाउस का आने का फैसला किया। हालांकि, वापस आने पर उन्होंने फिर से दोहराया कि दुनिया को कोरोना से डरने की जरूरत नहीं है। इससे एक्सपर्ट्स चिंतित हैं कि ट्रंप खुद बीमार होने के बावजूद महामारी की गंभीरता नहीं समझ सके हैं और अभी भी ढीला रवैया अपना रहे हैं। वाइट हाउस लौटने के बाद राष्ट्रपति दक्षिण पोर्टिको की सीढ़ियां चढ़कर गए और मास्क भी हटा दिया। इसके बाद उन्होंने कहा कि वह ठीक हैं। उन्होंने वापस जाने वाले हेलिकॉप्टर को अलविदा भी कहा। इसके बाद वह बिना मास्क पहने ही वाइट हाउस में दाखिल हुए। ट्रंप ने अस्पताल से निकलने से पहले ट्वीट भी किया था कि वह जल्द ही प्रचार भी शुरू कर देंगे।

### धरती से भी बेहतर हो सकता है यहां जीवन, वैज्ञानिकों की नजर में ऐसे दो दर्जन ग्रह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बर्लिन। वैज्ञानिकों का कहना है कि नई पीढ़ी के सुपर–पावरफुल स्पेस–बेस्ड टेलिस्कोप्स के साथ ही ऐसे ग्रह खोजने की जरूरत भी आ गई है जहां पर जीवन बसाया जा सके। जर्मनी और अमेरिका के रिसर्चर्स ने हमारे सोलर सिस्टम्स के बाहर ऐसे करीब 4500 एग्जोप्लैनेट को स्टडी किया है। उन्होंने पाया है कि करीब दो दर्जन ग्रहों पर धरती से भी ज्यादा अच्छे हालात हो सकते हैं।
ऐस्ट्रोबायॉलजी जर्नल में छपी स्टडी के मुताबिक ऐसे कई ग्रह हैं जहां अलग–अलग हालात हैं। इनमें से कुछ ज्यादा गीले हैं, कुछ गर्म हैं और कुछ धरती से बड़े हैं। ऐस्ट्रोनॉमर्स ऐसे ग्रहों की खोज कर रहे हैं जिनपर सितारे का चक्कर काटते हुए पानी लिक्विड अवस्था में ही हो। इन ग्रहों में झ कूंता सितारों का चक्कर काटने वाले ग्रह भी थे। झ कूंता हमारे सूरज से ज्यादा ठंडे होते हैं। हालांकि, इनका जीवन 20–70 अरब साल के बीच होता है जबकि हमारे सूरज का जीवन सिर्फ 8 अरब साल के करीब माना जाता है।

### पीओके के प्रधानमंत्री राजा फारूक पर राजद्रोह का केस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
मुजफ्फराबाद। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के प्रधानमंत्री राजा फारूक को पाकिस्तानी सेना की आलोचना करना पड़ा भारी पड़ गया है। पाकिस्ध्तान सरकार ने पीओके के कथित प्रधानमंत्री राजा फारूक के खिलाफ राजद्रोह का मुकदमा दर्ज किया है। उन पर पाकिस्ध्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ के साथ मिलकर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ गतिविधियां चलाने का आरोप लगाया गया है। इमरान सरकार के इस करतूत की विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की है। उधर, इमरान ने दावा किया है कि उन्हें इस एफआईआर के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इससे पहले पाकिस्ध्तानी सेना की पोल खोल रहे नवाज शरीफ के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया था। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक नवाज शरीफ के खिलाफ लाहौर में यह मुकदमा दर्ज किया गया है।

### भड़का सऊदी अरब, बोला– तुर्की के हर एक चीज का करो बहिष्कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। इस्लामी मुल्कों का नया खलीफा बनने की कोशिश कर रहे तुर्की पर सऊदी अरब बौखलाया हुआ है। राष्ट्रपति एर्दोगन के बयान से भड़के सऊदी अरब ने अपने नागरिकों से तुर्की के हर एक चीज का बहिष्कार करने की अपील की है। एर्दोगन ने आरोप लगाया था कि खाड़ी के कुछ देश तुर्की को अस्थिर करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने हाल में ही संयुक्त राष्ट्र के मंच से भी सऊदी और उसके पड़ोसी देशों पर निशाना साधा था। सऊदी अरब के चौंबर ऑफ कॉमर्स के प्रमुख अजलान अल अजलान ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हमारी लीडरशिप के खिलाफ तुर्की सरकार की निरंतर शत्रुता के जवाब में हर सऊदी–व्यापारी और उपभोक्ता की जिम्मेदारी है कि वे तुर्की का हर चीज का बहिष्कार करें।

**चर्चा**

## जापान की राजधानी टोक्यो में फनंक देशों की बैठक



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
टोक्यो। भारत के साथ पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद हो या जापान के साथ ईस्ट चाइना सी, ऑस्ट्रेलिया के साथ कोरोना पर टकराव हो या अमेरिका के साथ वैश्विक प्रभुत्व की प्रतिद्वंदिता, चीन ने न जाने कितने देशों की नाक में दम कर रहा है। अब ये चार बड़े देश एकसाथ आए हैं ताकि चीन को धता बताई जा सके। इसके लिए जापान की राजधानी टोक्यो में मंगलावर को फनंक देशों भारत ऑस्ट्रेलिया अमेरिका जापान के विदेश मंत्री द क्वॉड्रिलैटरल सिक्योरिटी डायलॉग (फनंक) के तहत मुलाकात करने जा रहे हैं।

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एसजयशंकर ने ट्वीट कर बैठक के बारे में जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि बैठक के दौरान एक–दूसरे के साथ संबंधों के द्विपक्षीय और वैश्विक आयाम पर चर्चा की गई। इस बैठक में अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पॉम्पिओ भी शामिल हुए हैं। अमेरिका के गृह विभाग ने कुछ दिन पहले ही बयान जारी कर अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा बताया था।

**चीन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा:** क्वॉड की बैठक से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि इसमें 5G कनेक्टविटी, साइबर सिक्योरिटी, मैनुफैक्चरिंग सेक्टर के लिए एक सप्लाई चेन, समुद्र नौवहन के क्षेत्र में सहयोग, इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टविटी के मुद्दे पर चर्चा होगी। यही नहीं, इसमें दक्षिण और पूर्वी चीन सागर, लद्दाख में 6 महीने से चल रहा गतिरोध, हॉन्ग कॉन्ग और ताइवान के मुद्दे पर चर्चा की जाएगी।

**इन मुद्दों पर भी होगी चर्चा:** इसके अलावा कोविड–19 वैक्सीन के वितरण के लिए एक अग्रिम योजना समेत उन सभी क्षेत्रों पर चर्चा होगी जहां पर चीन का विकल्प मुहैया कराया जा सके। साथ ही, चारों देशों के नेता अंडमान सागर के पास नवंबर में होने वाले मालाबार नौसैनिक अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया को शामिल करने पर चर्चा करेंगे। हालांकि इसमें अभी ऑस्ट्रेलिया को शामिल करने पर कोई फैसला नहीं हुआ है।

ऑस्ट्रेलिया के शामिल होने की घोषणा भारत का रक्षा मंत्रालय करेगा। माना जा रहा है कि मालाबार अभ्यास से एशियाई नाटो बनाने का रास्ता साफ हो सकता है।

## किर्गिस्तान में तख्तापलट की कोशिश? संसद में घुसे प्रदर्शनकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
बिश्केक। किर्गिस्ध्तान की राजधानी बिश्केक में रविवार को संसदीय चुनाव के नतीजों के बाद से भारी विरोध प्रदर्शन जारी है। हालात यहां तक खराब हो गए कि प्रदर्शनकारियों ने देश की संसद पर धावा बोल दिया। यही नहीं करीब दो हजार लोगों ने पूर्व राष्ट्रपति अलमाजबेक अतमबयेव को जेल से छुड़ा लिया। वहीं, देश के राष्ट्रपति सूरनबे जीनबेकोव का दावा है कि देश पर अभी भी उनका नियंत्रण है।

बता दें कि प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि चुनाव में वोट खरीदे गए थे जिसके विरोध में आक्रामक प्रदर्शन जारी हैं। पुलिस के साथ हिंसक झड़प भी हुई हैं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रण में करने के लिए पानी के कैनन, स्टन ग्रनेड और आंसू गैस का इस्तेमाल किया है। भीड़ देश की संसद और प्रेसिडेंशल ऑफिस में दाखिल हो गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स में हजारों लोग इमारत में घूमते नजर आए। यहां तक कि राष्ट्रपति के दफ्तर में घुसे लोगों ने खिड़कियों से बाहर कागज भी फेंक दिए।

आदिल तुरडुकोव नाम के ऐक्टिविस्ट ने बताया कि नैशनल सिक्यॉरिटी कमिटी की इमारत से पूर्व राष्ट्रपति अतमबयेव को बिना किसी बलप्रयोग के छुड़ा लिया गया और अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश भी नहीं की।



## आर्मीनिया से जंग में अजरबैजान की क्रूरता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** आर्मीनिया। काकेकस क्षेत्र के दो देशों आर्मीनिया और अजरबैजान में नागोरनो–काराबाख इलाके को लेकर 27 सितंबर से जारी जंग में अजरबैजान की क्रूरता निकलकर सामने आई है। अजरबैजान की सेना दुनियाभर में प्रतिबंधित कलस्टर बमों का इस्ध्तेमाल कर रही है। यही नहीं कई बम तो नागरिकों की रिहाइश वाले इलाके में गिरे हैं। इस जंग में अब तक कम से कम 266 लोग मारे गए हैं और इसमें 45 आम नागरिक शामिल हैं। नागोरनो–काराबाख इलाके में मौजूद पश्चिमी पत्रकारों ने इसकी पुष्टि की है कि अजरबैजान की सेना बेहद घातक क्लस्टर बमों का इस्तेमाल कर रही है। इन बमों में से निकले बिना फटे छोटे–छोटे बम नागोरनो–काराबाख की राजध ानी स्टेपनकर्ट में बिखरे देखे जा सकते हैं।

## पाकिस्तान की जंगी ताकत बढ़ाने में जुटा चीन, बन रहे हॉल और डॉक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कराची। पाकिस्तान की नेवी का कराची में विस्तार साफ दिखने लगा है। यहां के शिपयार्ड में बड़े बदलाव देखे जा सकते हैं। एक नया कंस्ट्रक्शन हॉल और ज्यादा क्षमता वाला ड्राई डॉक देखा जा सकता है। इसे लेकर जानकारी अभी सीमित हैं। हालांकि, माना जा रहा है कि यहां चीन की डिजाइन कीं ।प्च (एयर इंडिपेंडेंट पावर) पनडुब्बियों को को स्थानीय स्तर पर निर्माण किया जाएगा। पाकिस्तान की नेवी में आठ Type&039B Hangor Class पनडुब्बियों के आने से इसकी ताकत बढ़ जाएगी।

**चीन और पाकिस्तान मिलकर बना रहे हैं:** नेवल न्यूज के लिए HI Sutton ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि नई पनडुब्बियां चीनी नेवी की Type–039A Yuan Class जैसी होंगी। इनका निर्माण चीन के शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन (ब्प्ब) और कराची शिपयार्ड और इंजिनियरिंग वर्क्स (झ्ॅ) मिलकर करेंगे। इससे पहले कराची में पाकिस्तान की फ्रांस की डिजाइन की हुई अगोस्ता क्लास की पनडुब्बियां बन चुकी हैं।

### पनडुब्बियां बनाने के लिए हो रहा है विस्तार

**आगे चलकर जंगी जहाजों के काम आ सकता है:** नया कंस्ट्रक्शन हॉल और ड्राई–डॉक KSEW के दक्षिणी हिस्से में हैं। दो लेन का हॉल 2015 से बन रहा है। बाहरी हिस्सा काफी हद तक पूरा हो चुका है। यहां एक साथ दो पनडुब्बियां बनने की जगह हो सकती है। वहीं, ड्राई डॉक का काम 2016 से चल रहा है। नॉर्वे के Syncrolift शिप–लिफ्ट डिजाइन का डॉक पानी के ऊपर है। ड्राई–डॉक 126 मीटर लंबा और 32 मीटर चौड़ा है और इसकी लिफ्टिंग क्षमता 7,881 टन की है। नई पनडुब्बियों के लिए इसे पर्याप्त माना जा रहा है। फ्रीगेट के आकार के जंगी जहाजों और बड़ी पनडुब्बियों के काम भी आ सकता है।

**चीन-पाकिस्तान साथ में करते हैं युद्धाभ्यास:** अभी तक की जानकारी के मुताबिक पहली पनडुब्बी चीन में बनी है और वह 2022 तक डिलिवर की जा सकती है।

### दुनिया में हर 10 में से एक व्यक्ति कोरोना वायरस से संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने खुलासा किया है कि दुनियाभर में हर 10 में से एक व्यक्ति कोरोना वायरस से संक्रमित हो सकता है। कोरोना वायरस को लेकर सोमवार को हुई डब्लूएचओ के 34 सदस्यीय कार्यकारी बोर्ड की बैठक में डॉ माइकल रेयान ने कहा कि शहरी और ग्रामीण इलाकों में संख्या में परिवर्तन हो सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका मतलब यह नहीं है कि दुनिया की बड़ी आबादी खतरे में है। विशेषज्ञ भी पहले से कहते आ रहे हैं कि कोरोना वायरस के जितने मामलों को बताया जा रहा है वास्तव में उससे अधिक लोग इसके संक्रमण का शिकार हैं। इसका कारण बताया गया है कि कोरोना प्रभावित कई देशों में बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं का अभाव है। इस कारण न तो समय पर कोरोना वायरस का टेस्ट किया जा रहा है और न ही बीमार लोगों का इलाज हो पा रहा है। डब्ल्यूएचओ के आपातकालीन मामलों के प्रमुख डॉक्टर माइकल रेयान पहले ही कह चुके हैं कि दुनिया में कहीं भी हर्ड इम्यूनिटी के हालात नहीं हैं। उन्होंने कहा था कि हमें हर्ड इम्यूनिटी हासिल करने की उम्मीद में नहीं रहना चाहिए।